# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य हेतु आयुक्त ने बीएलओ से किये चर्चा

**भिलाईनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है, जिसमें बीएलओ डोर–टू–डोर मतदाता गणना पत्रक वितरण का कार्य कर रहे हैं। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त सह अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय एवं संयुक्त कलेक्टर सह निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी सुश्री सिली थामस ने सभी बीएलओ से सभागार कक्ष में चर्चा किये। चर्चा में गणना पत्रक वितरण के साथ सत्यापन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बीएलओ डोर–टू–डोर जाकर अपने बूथ क्षेत्र के नागरिको को गणना पत्रक वितरण कर रहे हैं। बीएलओ से प्राप्त गणना पत्रक में स्वयं का विवरण भरा जाना है साथ ही प्रत्रक के नीचे 2003 की मतदाता सूची में स्वयं का नाम होने पर एन्ट्री करना है या 2003 की स्थिति में स्वयं का नाम शामिल नहीं होने पर पिताध्माता का विवरण भरा जाना है। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य निरंतर जारी है। आयुक्त ने निगम भिलाई क्षेत्र के नागरिको से अपील किये है कि भारत सरकार एवं जिला प्रशासन के कार्य में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के साथ बीएलओ को सहयोग प्रदान करें। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे उपस्थित रहे।

